दैनिक
# न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर
रायगढ़, रविवार 25 अगस्त 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### 10 किलो वजनी बारूदी सुरंग बरामद

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की सुकमा जिला पुलिस ने बस्तर संभाग में लगातार आत्मसमर्पण से बौखलाये माओवादियों द्वारा आक्रामक उपस्थिति दर्ज कराने एवं सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाने के मकसद से बिछायी गयी 10 किलो वजनी बारूदी सुरंग बरामद करने में सफलता हासिल की है। बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि थाना दोरनापाल से पुलिस की संयुक्त टीम जगरगुंडा की ओर सघन गश्त सर्चिंग के लिए रवाना की गयी थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को जान से मारने की नीयत से देवरपल्ली गांव के निकट सड़क किनारे काला-लाल रंग का इलेक्ट्रीक वायर दिखाई देने पर बारीकी से चेकिंग की गयी, जिसमें 10 किलो का एक कूकम बम, डेटोनेटर एवं बिजली का वायर बरामद किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर उक्त बम को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया।

### एसबीआई शाखा प्रबंधक के खिलाफ ठगी का आरोप

सुकमा (आरएनएस)। भारतीय स्टेट बैंक के तत्कालीन फील्ड अफसर के खिलाफ लाखों रुपए की ठगी की शिकायत 5 और ऋण धारकों ने की। अब तक लोन लेने वाले कुल 82 ग्राहक तत्कालीन फील्ड अफसर विश्वजीत सिसोदिया के खिलाफ धोखाधड़ी की लिखित शिकायत एसबीआई के स्थानीय शाखा प्रबंधक से कर चुके हैं। मामले का खुलासा होने के बाद से बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता पहुंचे थे। इसके बाद लगभग हर रोज 4 से 5 ऋणी ठगी की लिखित शिकायत बैंक मैनेजर से कर रहे हैं।

### सूने मकान से 50 हजार नगदी सहित सोने-चांदी के गहने पार

रायपुर (आरएनएस)। शहर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में रावतपुरा कालोनी में एक सूने मकान से अज्ञात चोर ने नगदी 50 हजार रूपये सहित सोने-चांदी के गहनें पार कर दिए। घटना 22-23 अगस्त की दरम्यान रात की है। घटना की रिपोर्ट पतिराम गर्ग 45 वर्ष निवासी रावतपुरा कालोनी चर्च पास गली-2 ने दर्ज कराई है। प्रार्थी के अनुसार अज्ञात चोर ने उसके मकान का ताला एवं कुंदा तोड़कर कमरे में प्रवेश कर आलमारी में रखे नगदी 50 हजार रूपये एवं सोने की नथ एवं चांदी की पायल चोरी कर ले गया। पुलिस मामले में चोरी का अपराध दर्ज किया है।

### छेड़छाड़-अश्लील हरकत, दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में युवतियों से छेड़छाड व अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। एक घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के कैलाशपुरी की है। यहां संचालित एक जीम में जाने वाली गभरापारा निवासी एक 18 वर्षीय युवती को रूपेश वर्मा नामक युवक घर से जीम तक आते-जाते पीछा कर अश्लील हरकत करता था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 354 घ के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। वहीं दूसरी घटना खमतराई थाना क्षेत्र के साई विहार काम्पलेक्स गुढ़ियारी रोड खमतराई की है। यहां कल रात 8.30 बजे आरोपी यासिन खान 19 वर्ष निवासी भनपुरी खमतराई ने मोहल्ले में ही रहने वाली 17 वर्षीय युवती का उसी के घर के सामने बेईज्जत करने की नियत से उसका हाथ-बाह पकड़ लिया। पुलिस ने प्रार्थियां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ 8 पास्को एक्ट भादवि 354 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### जमीन पर बाउंड्रीवाल कराने के विवाद पर सोने की चेन की लूट

**» चार के खिलाफ अपराध दर्ज**

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर जिले के धरसींवा थाना क्षेत्र में जमीन पर बाउंड्रीवाल कराने के विवाद के दौरान चार लोगों ने जमीन के मालिक के गले से सोने की चेन लूटकर ले गये। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। धरसींवा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शशिकांत तिवारी 49 वर्ष की आजाद चौक थाना क्षेत्र में चौबे कालोनी टेलीफोन एक्सचेंज के पास जमीन है। 23 अगस्त को प्रार्थी अपनी जमीन पर बाउंड्रीवॉल करा रहा था इसी दौरान आरोपी विकास साहू पिता यशवंत साहू 25 वर्ष, रोशन वर्मा पिता अरूण 26 वर्ष एवं अन्य दो लोगों के साथ वहां पहुंचे और प्रार्थी को बाउंड्रीवॉल कराने से पहले दो लाख रूपये की मांग की। प्रार्थी ने जब पैसे देने से इंकार कर दिया तो आरोपियों ने प्रार्थी के गले में पहनी हुई सोने की चेन जिसकी कीमत 69 हजार 630 रूपये को लूटकर ले गये। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# मुख्यमंत्री ने किया नवनिर्मित गोंदवारा ओवरब्रिज का लोकार्पण

**रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज उरकुरा-सरोना बायपास रेलवे लाइन पर गोंदवारा के निकट बने ओवरब्रिज का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने की।**






ज्ञात हो कि राजधानी रायपुर में सुगम आवागमन के लिए उरकुरा-सरोना बायपास रेल लाईन के मध्य रेलवे क्रासिंग पर नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। करीब 51 करोड़ 62 लाख रूपए की राशि से निर्मित इस ओवरब्रिज के शुरू हो जाने से इसके आसपास के बड़ी आबादी के लाखों लोगों को अब फाटक बंद होने पर परेशानी नहीं होगी तथा यातायात का दबाव भी कम होगा। इस ओवरब्रिज के शुरू हो जाने से कोटा और गोंदवारा के मध्य रेलवे लाइन पर लगने वाला जाम भी खत्म हो जाएगा। लोकार्पण समारोह के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विकास उपाध्याय के साथ ही मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद आदि भी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि गोंदवारा के निकट सरोना बायपास रेलवे लाइन पर फाटक बंद होने से अक्सर दोनों ओर के नागरिक फंस जाते थे। संकरा मार्ग होने के कारण कोटा, सरस्वती नगर, गुढ़ियारी की ओर से सरोना की ओर जाने वाले लाखों लोगों को इस जाम से परेशानी उठानी पड़ती थी।

ठीक यही स्थिति सरोना, गोंदवारा की ओर रहने वाले लोगों की थी। जाम के कारण अक्सर यहां घंटों यातायात सामान्य नहीं हो पाता था। लंबे समय से क्षेत्र के लोगों के द्वारा यहां ओवरब्रिज की मांग की जाती थी। बरसों पुरानी यह मांग आज पूरी हो गई है और राज्य शासन ने नवनिर्मित ओवरब्रिज का लोकार्पण कर दिया है। ओवरब्रिज के शुरू होने पर नागरिकों ने खुशी जताई है।

## किरन्दुल थाना क्षेत्र से एक लाख की इनामी महिला माओवादी गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान में आज पुलिस को किरन्दुल थाना क्षेत्र से एक इनामी महिला माओवादी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर डीआरजी दंतेवाड़ा व थाना किरन्दुल की संयुक्त पुलिस पार्टी ने किरन्दुल क्षेत्र के पेरपा चौक के पास के जंगल से घेराबन्दी करके मलंगिर एरिया कमेटी में सक्रिय महिला माओवादी केएएमएस अध्यक्ष मिडियामी सोमली पिता मिडियामी ध्रुवा निवासी गुमियापाल थाना किरन्दुल को गिरफ्तार करने में सफ्लता मिली है। गिरफ्तार महिला माओवादी को वर्ष 2015 में पंचायत कमेटी अध्यक्ष मड़ावी लक्छु के द्वारा माओवादी संगठन में जोडा गया था। और वर्ष 2018 में के ए एम एस अध्यक्ष बनाया गया था।

गिरफ्तार महिला माओवादी तनेली, आलनार, गुमियापाल और आसपास के अन्य गॉवो में नक्सली संगठन के विचारधारा के प्रचार प्रसार का कार्य करती थी। साथ ही दैनिक उपयोगी सामान पहुचाने व पुलिस की रेकी करने का काम भी करती थी।

## किसान उपभोक्ता बाजार बनकर तैयार : शीघ्र होगा शुभारंभ


**» कलेक्टर ने किया अवलोकन**

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन ने आज रायपुर शहर के कृषि मंडी पंडरी में बनाए जा रहे किसान उपभोक्ता बाजार का अवलोकन किया। किसानों और उपभोक्ताओं के बीच सीधे व्यापार की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही है। किसानों को उनके उत्पादन का अच्छा मूल्य मिले और उपभोक्ताओं को उचित दाम पर फ्ल एवं सब्जियां प्राप्त हो, इसके लिए किसान उपभोक्ता बाजार एक अभिनव पहल है। किसान उपभोक्ता बाजार बनकर लगभग तैयार है और शीघ्र ही इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह, कृषि उपज मंडी के प्रबंध संचालक अभिनव अग्रवाल, अतिरिक्त प्रबंध संचालक महेन्द्र सिंह सवनी, अपर संचालक अशोक कुम्भज भी उनके साथ थे। किसान बाजार एक व्यावसायिक अवधारणा है जिसका उद्देश्य बिचौलिया तंत्र को हटाते हुए किसानों को उनके उत्पाद की ब्रिक्री के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है जिससे वे अपने कृषि उत्पाद की ब्रिक्री सीधे उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर कर सके। इससे कृषि उत्पाद दर में स्थिरीकरण भी हो सकेगा। किसान बाजार में पेयजल, शौचालय, वाहन पार्किंग, कैंटिन, कृषक सूचना केन्द्र, भंडारण सुविधा, अपशिष्ट सब्जियों के संग्रहण एवं खाद निर्माण जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। कृषक बाजार किसानों को पहचान-पत्र जारी किया जाएगा और उन्हें प्रतिदिन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर स्थान आबंटित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा गठित समिति द्वारा 24 घंटों के लिए कृषि उत्पादों की अधिकतम मूल्य भी निर्धारित किया जाएगा।

## बस्तर में विद्यमान हैं तेरहवीं शताब्दी की गणेशजी की प्रतिमाएं

**» बारसूर मंदिर में स्थापित है देश की दूसरी बड़ी गणेशजी की प्रतिमा**

जगदलपुर (आरएनएस)। दंतेवाड़ा स्थित आदि शक्ति मां दंतेश्वरी मंदिर में तेरहवीं शताब्दी की भगवान गणेश प्रतिमा स्थापित है। पत्थर निर्मित इस प्रतिमा की स्थापना राजा अन्नमदेव ने की थी। इसके अलावा देवों में सबसे पहले पूजे जाने वाले भगवान गणेश की दर्जन भर छोटी प्रतिमाएं मंदिर में स्थापित हैं, जो मंदिर के आसपास यत्र-तत्र या खुदाई के दौरान मिली हैं। इधर इसी जिले में बाणासुर की राजधानी रही बारसूर में देश की दूसरी बड़ी गणेश प्रतिमा स्थापित है। विडंबना यह है कि अपनी अनुपम स्थापत्य कला एवं पौराणिक महत्ता वाले इस युगल प्रतिमाएं सदियों से अंधकार में हैं। पर्यटन नगरी में विराजे विघ्न विनाशक की युगल प्रतिमाएं बलुआ पत्थर से तराशी गई है, जो लगभग साढ़े सात फीट व साढ़े पांच फीट ऊंची है।



देवताओं में प्रथम पूज्य के नाम से प्रसिद्ध लम्बोदर की बारसूर स्थित युगल प्रतिमाओं के प्रति भक्तों की गहरी आस्था रही है। जानकारों की माने तो पौराणिक काल की गाथा अपने में समाहित किए हुए लंबोदर की युगल प्रतिमाओं को दक्षिण मुखी बनाया जाना इस बात का द्योतक है कि विघ्न विनाशक अपने भक्तों पर पड़ने वाले विघ्नों का नाश करने में सक्षम हैं।

## 60 हजार की अवैध शराब पकड़ाई



बीजापुर (आरएनएस)। एक ओर प्रदेश सरकार शराब बन्दी करने को लेकर गम्भीर है, किन्तु वहीं बीजापुर जिले में शराब तस्करी का गोरख धंधा बन्द होने का नाम ही नही ले रहा । बीती रात बीजापुर कोतवाली ने इसी तरह के तस्करो को धर दबोचने में सफलता हासिल किया है, अवैध शराब के साथ साथ तीन लोगों को हिरासत में भी लिया गया है, इनके पास से एक लाख अस्सी हजार रुपये नगद भी बरामद किया गया है । कोतवाली प्रभारी चन्द्रशेखर बारीक ने बताया कि सूचना मिली थी कि पिकप में अवैध रुप से शराब का परिवहन किया जा रहा है, सूचना के आधार पर नाका में वाहनों की तलाशी के दौरान पिकप क्रमांक सीजी 17 एच 2914 में 30 पेटी सिम्बा बियर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था, वही वाहन में तीन लोग प्रदीप साहू, महेश गुप्ता, इसराइल खान तीनो आवापल्ली के निवासी हैं, इन तीनो को हिरासत में लेकर पूछ ताछ किया जा रहा है, इनके पास से 80 हजार रुपये नगद राशि भी बरामद किया गया है । तीनो युवकों पर आबकारी एक्ट धारा 34/2 के तहत कार्यवाही किया जा रहा है । पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग 60 हजार बताई जा रही है ।

## नक्सल समस्या : समाधान ढूंढने सितंबर में होगी उच्चास्तरीय बैठक

रायपुर (आरएनएस)। नक्सलवाद की समस्या से ग्रसित छत्तीसगढ़ राज्य में इसके उन्मूलन को लेकर अब तक कई कदम उठाए जा चुके हैं। इसी क्रम में एक उच्चस्तरीय बैठक सितंबर माह में बुलाई जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके ने प्रदेश में नक्सलवाद के संबंध में विस्तृत जानकारी ली है। माओवाद समस्या के समाधान के लिए राज्य शासन और पुलिस विभाग भी प्रयासरत है। बताया जाता है कि इसी क्रम में एक उच्चस्तरीय बैठक सितंबर माह में बुलाई जाएगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री, राज्य पुलिस प्रमुख के साथ ही प्रमुख सचिव से चर्चा हो चुकी है।

## मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर, 2 जवान घायल, मौके से शव समेत विस्फोटकों का जखीरा बरामद

**» गोलीबारी में और भी 4-5 नक्सलियों के मारे जाने के प्रमाण मिले**

जगदलपुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में आज सुबह पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुयी मुठभेड़ में 5 वर्दीधारी नक्सली मारे गए, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। मौके से पुलिस ने बंदूके समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्रियां बरामद की हैं। मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान घायल हो गए हैं।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि सूचना मिली थी कि धुरबेड़ा गांव के समीप नक्सलियों ने प्रशिक्षण केम्प बना रखा है। फौरन ही ओरछा थाने से पुलिस का संयुक्त बल रवाना किया गया, जिसने योजनाबद्ध तरीके से इलाके को घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस की मौजूदगी भांपकर नक्सलियों ने गोलीबारी प्रांरभ कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस बल ने भी अविलंब मोर्चा संभालते हुए फायरिंग की। लगभग एक घंटे की मुठभेड़ बाद अंततः नक्सलियों के पैर उखड़ गए और नक्सली घने जंगल और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। उन्होंने बताया कि मौके से 5 वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद किया गया है, जिनकी शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ स्थल पर मौजूद परिस्थितिजन्य साक्ष्य, खून के धब्बे एवं घसीटे जाने के निशान से यह साबित होता है कि कम से कम 4 से 5 नक्सली और मारे गए हैं तथा कई लहुलूहान हुए हैं, साथियों के शव नक्सली अपने साथ ले जाने में कामयाब रहे।

घटनास्थल से कार्बाइन, 12 एवं 15 बोर बंदूकें, बैनर, हेंडग्रेनेड, पोस्टर, दवाईयां, गोला-बारूद, डेटोनेटर, बिजली के तार, बैटरी, पिट्ठू, दैनिक उपयोग की सामग्रियां तथा नक्सली साहित्य का जखीरा बरामद किया गया है।

उन्होंने बताया कि घायल जवानों को नारायणपुर में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है।

## माधुरी की खूबसूरती ने बढ़ाई फैन्स की धड़कन

बॉलिवुड की यंग एक्ट्रेसेस को भी खूबसूरती के मामले में कड़ी टक्कर देने वाली ब्यूटी माधुरी दीक्षित का एक बार फिर ग्लैमरस अवतार देखने को मिला। डांस रिऐलिटी शो डांस दीवाने में एक से बढ़कर एक लुक में दिखाई देने वाली माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर फैन्स के साथ नया फोटो शेयर किया है, जिसे देख फैन्स क्रेजी हो गए।

शेयर की गई तस्वीर में माधुरी लाल रंग की शिमरी साड़ी पहनी दिखाई दे रही हैं, जिसका परफेक्ट फॉल और ड्रैपिंग ऐक्ट्रेस के फिगर को खूबसूरती के साथ हाइलाइट करते दिखे। वहीं साड़ी का लाल रंग उनके ग्लो को और बढ़ाता नजर आया।



फोटो को देख यह अंदाजा लगाना आसान है कि यह शो डांस दीवाने 2 के सेट पर लिया गया है जिसमें माधुरी बतौर जज शरीक हो रही हैं। इसके पहले सीजन में भी माधुरी जज थीं।

माधुरी दीक्षित का लेटेस्ट लुक और स्टाइल फैन्स को कितना पसंद आया इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शेयर होने के महज चार घंटे के अंदर ही ऐक्ट्रेस के फोटो को दो लाख से ज्यादा लाइक्स मिल गए थे। इतना ही नहीं लोगों ने कॉमेंट के जरिए माधुरी की खूबसूरती की तारीफ की और उनके लिए अपनी दीवानगी को जाहिर किया।

## 2 शो में साथ काम करने का आनंद ले रहीं अनीता हसनंदानी

अभिनेत्री अनीता हसनंदानी इन दिनों डांस रियेलिटी शो नच बलिए 9 में पति रोहित रेड्डी के साथ भाग लेने के साथ ही एक लाइव गेम शो लागाओ बोली - सबसे कम सबसे अनोखी की मेजबानी भी कर रही हैं। उनका कहना है कि हालांकि एक डांस रियेलिटी शो और गेम शो में साथ काम करना शारीरिक रूप से थकाने वाला है, लेकिन वह इसका आनंद ले रही हैं।



अनिता ने कहा, मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे टेलीविजन पर लागाओ बोली जैसे एक अनोखे गेम शो की मेजबानी करने व हिस्सा बनने का मौका मिल रहा है। हालांकि एक डांस रियेलिटी शो और गेम शो को एक साथ संभालना शारीरिक रूप से थकावट भरा है.. लेकिन एक कलाकार का जीवन ऐसा ही होता है और मैं बहुत उत्साहित हूं और खेल शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकती। लागाओ बोली की मेजबानी परितोष त्रिपाठी और धीरज जुनेजा भी करेंगे।

## आंखों के लिए खतरनाक होता है एलईडी फेस मास्क!

फेस मास्क कई तरह के होते हैं. इसे चेहरे की क्लींजिंग, एक्सफोलिएशन और मसाज के बाद लगाया जाता है. 10-15 मिनट लगाने के बाद इसे नरम पानी से हटा लिया जाता है. यह आपके चेहरे की अशुद्धियों को निकालने में मदद करता है. अब चूंकि फेस मास्क अलग-अलग तरह के होते हैं, इनके फायदे भी अलग ही होंगे. नीम, स्ट्रॉबेरी, एलोवेरा, चारकोल आदि तरह के फेस मास्क काफी प्रचलन में हैं. बीच में एलईडी (ख्रह्रष्ठ) फेस मास्क को भी काफी पसंद किया गया था. लेकिन अब इसके उपयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं. जानिए क्यों-

क्या होता है एलईडी (एलईडी)फेस मास्क?

एलईडी फेस मास्क अलग-अलग वेभलेंथ की लाइट रे उत्सर्जित कर के त्वचा की विभिन्न समस्याओं का इलाज करता है. उदाहरण के लिए, एम्बर लाइट, चेहरे के कोलेजन और इलास्टिन को उत्तेजित करने में मदद करता है. रेड एलईडी लाइट चेहरे के सूजन को कम करती है और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने में मदद करती है. वहीं ब्लू लाइट मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मारता है.



जैसे एक पौधे के लिए सूरज की रोशनी का महत्व है, वैसे ही चेहरे के लिए एलईडी लाइट्स होते हैं. पहले इस तरीके के फेस मास्क केवल डर्मेटोलॉजिस्ट के यहां ही उपलब्ध थे. बाद में कई ब्यूटी कंपनियां इसे मार्केट में कम कीमतों में लेकर आई. यह मास्क सेलिब्रिटी और युवा लड़कियों में काफी लोकप्रिय हुआ. लेकिन अब इसके उपयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं.

के अनुसार कई लोगों ने यह शिकायत की कि एलईडी फेस मास्क का हमारी आंखों पर दुष्प्रभाव होता है. इनके इस्तेमाल से हमारी आंखे नष्ट हो सकती हैं. कई यूजर्स ने आंखों में इंफेक्शन और समस्याओं की शिकायत की है. इनका मानना है कि आंखों के लिए एलईडी फेस मास्क खतरनाक साबित हुई हैं.